नोएडा > मंगलवार 29 जनवरी 2019 > माघ 9 शक संवत 1940 माघ कृष्ण नवमी विक्रम 2075

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

पेज 18* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT

नवभारत टाइम्स

नस्लीय कमेंट पर ईशा ने मांगी माफी

▸p12

तुलसी बोलीं, हिंदू होने की वजह से निशाने पर हूं

▸p12

अपने टीवी देखने के अनुभव को करिए संपूर्ण, Times - Movies and News Pack के साथ। पाइए MOVIES NOW, TIMES NOW, ROMEDY NOW, ET NOW, MNX, MIRROR NOW और ZOOM ₹13 + taxes प्रति माह में। अपने केबल/DTH ऑपरेटर को Times M.A.M. Pack के लिए संपर्क करें।

अब परी चौक से जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो चलाने की तैयारी

फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार, 10 दिन में डीएमआरसी इसे यमुना अथॉरिटी को सौंप देगा

■ प्रमुख संवाददाता, ग्रेटर नोएडा

एक्वा लाइन के बाद अब ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट मेट्रो की तैयारी शुरू हो गई है। इसकी फिजिबिलटी रिपोर्ट फरवरी में होने वाली यमुना अथॉरिटी की बोर्ड बैठक में रखी जाएगी। रिपोर्ट में रूट को फिट बताया गया है। यह रूट करीब 28.6 किलोमीटर लंबा होगा। ये परी चौक के निकट एक्वा लाइन को कनेक्ट करेगी। सोमवार को यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने डीएमआरसी अधिकारियों से फिजिबिलिटी रिपोर्ट जल्द सौंपने के लिए कहा। उन्हें जानकारी दी गई कि रिपोर्ट तैयार हो चुकी है। करीब दस दिनों में इसे यमुना अथॉरिटी के अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। उसके बाद इसे फरवरी माह में होने वाली अथॉरिटी की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा।

फिजिबिलिटी रिपोर्ट में ग्रेनो के परी चौक के निकट से जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट तक के रूट को सही बताया गया है। इस पर जमीन को लेकर भी समस्या नहीं आएगी, क्योंकि ये रूट जीरो पॉइंट के नजदीक से होता हुआ यमुना एक्सप्रेसवे के पैरलल ग्रीन बेल्ट से निकाला जाएगा। यह मेट्रो यमुना अथॉरिटी क्षेत्र के आबादी वाले स्टेशनों पर रुकते हुए जाएगी। करीब 28.6 किलोमीटर लंबे इस रूट पर शुरुआत में 5 से 6 स्टेशन बनाए जा सकते हैं। बाद में आबादी बढ़ने पर स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। इसके बारे में डीपीआर तैयार होने पर पता चल सकेगा।

▸▸ **सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन पर बनेगी सबसे बड़ी पार्किंग - पेज 3**

28.6 किलोमीटर लंबा होगा रूट, एक्वा लाइन को परी चौक के पास कनेक्ट करेगी यह मेट्रो

फरवरी में होने वाली बोर्ड बैठक में रिपोर्ट पर चर्चा के बाद डीपीआर बनाने का होगा काम

5 से 6 स्टेशन हैं प्रस्तावित बाद में आबादी बढ़ने पर स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है

खास बात

■ जेवर एयरपोर्ट से पहली उड़ान 2023 में प्रस्तावित है। एयरपोर्ट बनते ही मेट्रो की जरूरत पड़ेगी। लिहाजा एयरपोर्ट की एनसीआर के शहरों से कनेक्टिविटी के लिए काम शुरू किया गया है। योजना यह है कि एयरपोर्ट जाने वाले लोगों को रास्ते में कहीं रुकना न पड़े। वह सीधे एयरपोर्ट पर चेक-इन और चेक-आउट करें।

■ एयरपोर्ट के टर्मिनल तक मेट्रो पहुंचेगी। इसके चलते एयरपोर्ट तक यात्री मेट्रो के जरिए आसानी से पहुंच सकेंगे। इस रूट के बनने से जेवर एयरपोर्ट नोएडा, दिल्ली, फरीदाबाद व गुड़गांव से भी मेट्रो के जरिए जुड़ जाएंगे

हाईस्पीड मेट्रो के लिए भी बनेंगे प्लैटफॉर्म

ग्रेनो से जेवर एयरपोर्ट के लिए चलने वाली सामान्य मेट्रो के रूट के साथ ही हाईस्पीड एक्सप्रेस लाइन का भी प्रस्ताव है। एक्सप्रेस लाइन से जेवर और दिल्ली के एयरपोर्ट कनेक्ट किए जाएंगे। इसमें स्टेशनों की संख्या बेहद सीमित रखी जाएगी। ये 2 या 3 हो सकते हैं। इसे देखते हुए सामान्य मेट्रो के प्लैटफॉर्म पर अतिरिक्त लाइन बनानी होगी। लिहाजा एयरपोर्ट पर शुरुआत में फास्ट स्पीड और सामान्य दोनों तरह की मेट्रो के लिए प्लैटफॉर्म बनाए जाएंगे।

“10 दिनों में फिजिबिलिटी रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है। फरवरी में इसे अथॉरिटी की प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड से मंजूरी के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद डीपीआर तैयार कराई जाएगी। - **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ**

“ग्रेनो के बाद यमुना सिटी एरिया में मेट्रो चलाने का फैसला स्वागत योग्य कदम है। इससे जहां मेट्रो के जरिए एयरपोर्ट के यात्रियों को मदद मिलेगी, वहीं यमुना सिटी के सेक्टरों के लोगों को बेहद फायदा होगा।

- आर. के. अरोड़ा, सीएमडी, सुपरटेक लि.